प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- राज्य सरकार ने प्रदेश में सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने का लिया निर्णय।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता को लेकर जन आंदोलन बनाने पर दिया ज़ोर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जताई चिंता– सरकार से अपराधियों के खिलाफ सख्ती से निपटने का आग्रह।
- प्रदेश में बर्फबारी व वर्षा से फसलों को मिली संजीवनी–किसान–बागवान खुश।

मातृत्व अवकाश

प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ने विशेष मातृत्व अवकाश देने की पहल उन महिलाओं के लिए की गई है जो मृत शिशु को जन्म देती हैं, या जन्म के तुरंत बाद बच्चे को खो देती हैं। हाल ही में घोषित मातृत्व अवकाश केवल मृत शिशु या नवजात शिशु की मृत्यु के मामलों में ही लागू होगा और अधिकृत अस्पतालों में प्रसव के लिए ही लिया जा सकता है।

प्रबोध सक्सेना

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता को लेकर जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया है और राजनीतिक दलों को भी इस विषय को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की सलाह दी है। वे आज शिमला में आयोजित संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सौजन्य से पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बदलती जलवायु में राज्य मानव विकास रिपोर्ट पर ओरिएंटेशन कार्यशाला में बोल रहे थे। प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन को लेकर स्कूल, कॉलेज, रिसर्च सेंटर और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की ज़रूरत बताई, ताकि प्रभावित लोग जागरूक हो सकें। मुख्य सचिव ने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन और बच्चों के हैल्थ पैरामीटर पूरे न होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हिमाचल में 24 फीसदी बच्चे सही आहार न लेने की वजह से हैल्थ पैरामीटर को पूरा नहीं करते हैं।

राजीव भारद्वाज

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने सड़क सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता बताई है। धर्मशाला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को ज़िले में दुर्घटना संभावित स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। राजीव भारद्वाज ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष सड़क हादसों के कारण करीब डेढ़ लाख लोग जान गंवाते हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के लोग सड़क हादसों का शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की तर्ज पर विभिन्न स्थानों पर इंटेलिजेंस ट्रैफिक सिस्टम विकसित किया जाए, ताकि सड़क से गुजरने वाले वाहनों की पूरी निगरानी की जा सके।

आदान–प्रदान कार्यक्रम

नेहरू युवा केंद्र और केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत, मध्यप्रदेश से एक युवा प्रतिनिधिमंडल, हिमाचल प्रदेश के पाँच दिवसीय भ्रमण दौरे के पहले दिन, आज ऊना पहुँचा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के 5 जिलों से 25 युवा प्रतिभागी और 2 एस्कॉर्ट शामिल हैं। इस दौरान प्रतिभागियों को हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

और विकास को समझने का अवसर मिलेगा। ऊना के उपायुक्त जतिन लाल, कार्यक्रम के प्रथम सत्र में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम, युवाओं को आपसी संवाद, अनुभवों के आदान–प्रदान और सांस्कृतिक समृद्धि को समझने का बेहतरीन अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के युवा जब एक–दूसरे से जुड़ते हैं, तो उनके विचारों का विस्तार होता है और वे राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न संस्कृतियों व परंपराओं से परिचित कराना है। वहीं युवा प्रतिभागी ने ऐसे कार्यक्रमों को लाभकारी बतायझं

<u>जयराम</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और आपराधिक मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को सख्त से सख्त सज़ा मिलनी चाहिए ताकि वे कभी कानून तोड़ने की हिमाकत न कर सकें। उन्होंने देवभूमि हिमाचल में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए सरकार से ऐसे मामलों को गंभीरता से लेने की सलाह दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से नशा माफिया का बोलबाला बढ़ रहा है, वो सभी के लिए चिंता का विषय है।

<u>प्रतिभा सिंह</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन जल्द ही किया जाएगा। शिमला में आज पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी की सूची हाईकमान को सौंप दी गई है और वे जल्द ही पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात कर कार्यकारिणी का गठन करने का आग्रह करेंगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आने वाले पंचायतीराज चुनाव को देखते हुए संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस बार संगठन ने कर्मठ नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित युवाओं और महिलाओं को अहम ज़िम्मेदारियां दी जाएंगी।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम ने एक बार फिर करवट ली है और राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में कहीं–कहीं वर्षा हो रही है। ताज़ा बर्फबारी व वर्षा से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर हिमपात का क्रम जारी है। रोहतांग पास सहित प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों अटल टनल, धुंधी, सोलंगनाला, कोठी व जलोड़ी जोत में ताजा बर्फबारी हुई है, जहां पर्यटकों ने हिमपात का पूरा आनंद लिया। सोलंगनाला से आगे अटल टनल धुंधी और बंजार–आनी सड़क मार्ग जलोड़ी जोत पर हिमपात के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। उधर चंबा ज़िला में खराब मौसम के चलते चंबा–पठानकोट वाया जोत मार्ग, खजियार–डलहौजी और चंबा–पांगी वाया साच पास मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा ज़िले में बिजली के करीब 10 ट्रांसफार्मर ठप्प हैं, जिससे कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बीती रात से हल्का हिमपात जबकि निचले इलाकों में वर्षा हो रही है। ज़िला उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वर्षा व बर्फबारी से जल स्रोत भी चार्ज होंगे।         इधर शिमला जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा में करीब 2 से 3 इंच तक बर्फबारी हुई है जिसका यहां घूमने आए पर्यटकों ने खूब आनंद लिया। ये बर्फबारी और बारिश आगामी फसलों के लिए अच्छी मानी जा रही है। मध्यम और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश से किसान खुश हैं।  इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व अन्य भागों में वर्षा होने की संभावना जताई है।

<u>" मुख्य समाचार एक बार फिर"</u>

- राज्य सरकार ने प्रदेश में सरकारी सेवा में कार्यरत महिलाओं को 60 दिन का विशेष मातृत्व अवकाश प्रदान करने का लिया निर्णय।

- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता को लेकर जन आंदोलन बनाने पर दिया ज़ोर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जताई चिंता– सरकार से अपराधियों के खिलाफ सख्ती से निपटने का आग्रह।
- प्रदेश में बर्फबारी व वर्षा से फसलों को मिली संजीवनी–किसान–बागवान खुश।